संसद सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 2015: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम. वेंकैया नायडू ; केन्द्रीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पेयजल और स्वच्छता मंत्री, चौधरी बीरेन्द्र सिंह; राज्य सभा के उप सभापति, प्रो. पी.जे.कुरियन; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तम्बिदुरै; और पूर्व उप-प्रधानमंत्री, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्य; और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा के महासचिव श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसम्बर, 1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण किया था ।